>

Title: Need to set up Government Procurement Centres for purchase of paddy at Minimum Statutory Price from farmers in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): भारत के कई राज्यों में खरीफ की फसल तैयार हो चुकी है । खरीफ के अंतर्गत धान खेतों से कटाई करके खलिहान तक आ चुका है । लेकिन राज्य सरकारों द्वारा सुनिश्चित मात्रा में धान क्रय केन्द्रों की स्थापना न होने के कारण किसानों के समक्ष गंभीर संकट पैदा हो गया है । किसानों के पास भंडारण क्षमता न होने के कारण समर्थन मूल्य मोटे धान का 1310 रूपये एवं महीन धान का 1345 रूपये को किसान 900 से 950 रूपये प्रति क्विंटल बेचने के लिए मजबूर हो रहा है । क्रय केन्द्रों के न खुलने से किसान अपनी छः महीने की गाढ़ी कमाई को 350 से 400 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भारी नुकसान उठाकर मजबूर हो कर बिचौलियों के हाथों बेच रहा है । अतः इस गंभीर समस्या एवं किसानों के हित को देखते हुए तुंत कार्यवाही की मांग करता हूं ।